**<u>श्रीमती अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में की गई समीक्षा बैठक दिनांक– 29.10.2022 का कार्यवृत्ति / दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।</u>**

दिनांक 29.10.2022 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा हर घर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल के संबंध में प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता जल निगम, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 तथा चयनित एजेन्सी मेसर्स गायत्री रैम्की (जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गयी चर्चा एवं दिये गये निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी कृपया निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में 3,66,040 Total rural household हैं, परन्तु अभी तक 23999 household tap connections कराये गये है, जो कि कुल household tap connections का 6.55 प्रतिशत है, यह प्रगति अत्यन्त ही असंतोषजनक है। निर्देश दिए गए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें।
- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा अभी तक 73 डी0पी0आर0 स्वीकृत हुए है, 10 डी0पी0आर0 अभी अवशेष है। 36 स्थलों पर कार्य चल रहा है, परन्तु उपलब्ध उपलब्ध के सापेक्ष कार्य की प्रगति बहुत ही धीमी है। इनके द्वारा अवगत कराया गया कि 90 कि0मी0 में पाइपलाइन का कार्य हुआ है एवं आज दिनांक 29.10.22 को 70 श्रमिक कार्य कर रहें हैं तथा 15 श्रमिक FHTC में कार्य कर रहें हैं। निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
- मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0, को एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा अब तक 94 प्राक्कलन स्वीकृत हो चुके है, जिसके सापेक्ष मात्र अब तक 06 स्थलों पर ही कार्य चल रहा है। उक्त के क्रम में मेसर्स यूनिवर्सल के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक material न प्राप्त होने के कारण शेष जगहों पर कार्य शुरू नहीं हुआ था, अब material प्राप्त हो गया है। निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर अधिक से अधिक स्थलों पर सोमवार से कार्य प्रारम्भ करायें एवं लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति सुनिश्चित करें।
- मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 14 जगह भूमि नहीं मिली है, जिसके अन्तर्गत 28 राजस्व ग्राम आते हैं। अवगत कराया गया कि ~~रीवर साइट होने के कारण लो–लैंड है, जिसके कारण भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रहीं~~ है। रिपोर्ट में फर्म द्वारा 265 डी0पी0आर0 फर्म द्वारा विरचित किये जा चुके है, जिसके सापेक्ष एस0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा 154 डी0पी0आर0 स्वीकृत किये जा चुके है। 112

डी0पी0आर0 अभी तक एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा स्वीकृत होने हेतु लम्बित है तथा 42 साइटों पर कार्य चल रहा है। साथ ही 276 भूमि उपलब्धता के सापेक्ष 164 डी0पी0आर0 डी0डब्लू0एस0एम0 द्वारा स्वीकृत हुए है, जिसमें 112 डी0पी0आर0 डी0डब्लू0एस0एम0 से स्वीकृत होना अवशेष है। निर्देशित किया गया कि अगले सप्ताह शनिवार तक लम्बित अवशेष डी0पी0आर0 अवश्य स्वीकृत करा लें एवं जिन स्थलो पर कार्य चल रहा है, अधिक से अधिक संख्या में श्रमिक लगाकर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

- मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0वी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस लि0 एवं मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि को प्रति सप्ताह कम से कम 4000 household tap connections कराने के निर्देश दिए गए।
- डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि भूमि उपलब्धता की जॉच कराएं एवं भूमि उपलब्धता के आधार पर अवशेष डी0पी0आर0 तीन दिवस के अन्दर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जो डी0पी0आर0 स्वीकृत है, वहॉ कवर्ड एग्रीमेन्ट तैयार कर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें, जिससे tap connections की प्रगति में गति लायी जा सके।
- अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि जो रोड tap connections के उपरान्त खराब हो रही है, उसे मानक के अनुरूप ठीक कराएं एवं उनकी नियमित जॉच के साथ सम्बन्धित एजेन्सीज से फोटो भी मंगवाते रहें।

बैठक के अन्त में सभी संबंधित को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अनिता यादव)
मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।**

पत्रांक– 1091 /समीक्षा बैठक–निर्देश/2022–23 दिनांक 31 अक्टूबर, 2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– जिलाधिकारी, महोदय, अयोध्या को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
3– डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या को अनुपालनार्थ।
4– मेसर्स गायत्री रैम्की(जे0बी0), मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग सर्विस, मेसर्स वी0एस0ए0 इन्फा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, जल निगम को अनुपालनार्थ।

(6)

मुख्य विकास अधिकारी,
अयोध्या।